
# DELHI PUBLIC SCHOOL GANDHINAGAR
# CLASS - 3 HINDI
# Term - II  OCTOBER (2025-26)

| | |
|---|---|
| | |
| | **पाठ - 7 जैसे को तैसा** |
| | **पाठ वाचन एवं अर्थ स्पष्टीकरण** |
| | |
| | **निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए तथा किन्हीं दो शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए\|** |
| | **शब्द - अर्थ** |
| (क) | दावत - भोजन के लिए बुलावा |
| (ख) | परात - थाल |
| (ग) | मज़ा - खुशी |
| (घ) | हिस्सा - भाग |
| | |
| | **वाक्य रचना** |
| | **मज़ा -** मुझे चित्रकारी करने में बहुत मजा आता है। |
| | **हिस्सा -** लोमड़ी ने सारस के भोजन का हिस्सा खा लिया। |
| | |
| | **लघु उत्तरीय प्रश्न-** |
| 1. | लोमड़ी ने दावत पर किसे बुलाया? |
| उत्तर: | लोमड़ी ने दावत पर सारस को बुलाया। |
| 2. | लोमड़ी ने क्या पकाया था? |
| उत्तर: | लोमड़ी ने खीर पकाई थी। |
| 3. | सारस ने सूप किसमें परोसा? |
| उत्तर: | सारस ने सूप लम्बे जग में परोसा। |
| | |


| | | | |
|---|---|---|---|
| | **दीर्घ उत्तरीय प्रश्न-** | | |
| 1. | लोमड़ी ने सारस को अपना घर क्यों दिखाया होगा ? | | |
| उत्तर: | लोमड़ी ने सारस को दावत पर बुलाने के लिए अपना घर दिखाया होगा\| | | |
| 2. | सारस ने लोमड़ी से कुछ क्यों नहीं कहा? | | |
| उत्तर: | सारस ने लोमड़ी के किए का जवाब किसी और तरीके से देने का सोचा था,इसलिए सारस ने उस समय लोमड़ी से कुछ नहीं कहा\| | | |
| 3. | सारस ने लोमड़ी को जग में सूप क्यों परोसा? | | |
| उत्तर: | सारस को दावत पर बुलाकर लोमड़ी ने दुर्व्यवहार किया,इसलिए उसे सबक सिखाने के लिए सारस ने जग में सूप परोसा\| | | |
| 4. | क्या सारस और लोमड़ी ने एक-दूसरे के साथ सही व्यवहार किया? | | |
| उत्तर: | नहीं,उन दोनों ने एक-दूसरे के साथ सही व्यवहार नहीं किया\| | | |
| | | | |
| | **CBE Based Questions** | | |
| 1. | लोमड़ी ने सारस को क्या परोसा? | | |
| उत्तर: | खीर\| | | |
| 2. | सारस क्या बनाकर लाया? | | |
| उत्तर: | (i) पूरी | (ii) सूप | (iii) खीर |
| 3. | सारस और लोमड़ी कहाँ रहते थे? | | |
| उत्तर: | वे नदी के किनारे रहते थे\| | | |
| 4. | "गरमा- गरम सूप बनाकर लाया लंबे जग में" कौन लंबे जग में सूप बनाकर लाया? | | |
| उत्तर: | सारस लंबे जग में सूप बनाकर लाया\| | | |
| 5. | सारस खुली परात में खीर क्यों नहीं खा सका? | | |
| उत्तर: | लंबी चोंच के कारण\| | | |
| | | | |
| | **पाठ्यपुस्तक का कार्य** | | |
| | | | |
| | **सही विकल्प पर ✓ का निशान लगाइए-** | | |
| (क) | लोमड़ी व सारस कहाँ रहते थे? | | |
| | (i) नदी के किनारे ✓ | (ii) तालाब के किनारे | |
| | (iii) समुद्र के किनारे | (iv) जंगल के छोर पर | |
| (ख) | लोमड़ी ने दावत में क्या-क्या पकाया था? | | |

| | | |
|---|---|---|
| | (i) खीर,पूड़ी | (ii) हलवा,पूड़ी |
| | (iii) पूड़ी,सब्ज़ी | (iv) केवल खीर ✓ |
| (ग) | सारस ने दावत में क्या-क्या पकाया था? | |
| | (i) सूप,रोटी | (ii) काफ़ी,पूड़ी |
| | (iii) केवल सूप ✓ | (iv) चाय,पकौड़े |
| | | |
| | **पंक्तियाँ पूरी कीजिए-** | |
| | घर अपना लोमड़ी ने दिखलाया, | |
| | दावत पर सारस को बुलाया| | |
| | हुआ तैयार सारस बन ठनकर | |
| | जा पहुँचा वह लोमड़ी के घर| | |
| | | |
| | **अर्थग्रहण संबंधी प्रश्न** | |
| | पाठांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए- | |
| | "लोमड़ी ने थी ------------------------------------------------------------ घर को आया।" | |
| क. | लोमड़ी खीर किसमें लेकर आई? | |
| उत्तर: | खुली परात में। | |
| ख. | खीर किसने खाई? | |
| उत्तर: | लोमड़ी ने। | |
| ग. | कौन मुँह लटकाए बैठा रहा? | |
| उत्तर: | सारस। | |
| घ. | 'खुली परात' में विशेषण क्या है? | |
| उत्तर: | खुली | |
| | | |
| | **व्यावहारिक और परिस्थितिजन्य भाषा** | |
| | | |
| **1.** | **शब्दों में से पर्यायवाची चुनकर लिखिए-** | |
| | दावत - बुलावा | भीतर - अंदर |
| | पर्वत - पहाड़ | मज़ा - आनंद |
| | डर - भय | नदी - तटिनी |
| | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **2.** | **चित्र देखकर नाम लिखिए-** | | | |




| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **3.** | **चित्रों के लिए एक-एक विशेषण लिखिए-** | | | |




| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **4.** | **सही विलोम पर ✓ लगाइए-** | | | |
| (क) | गरम | | | |
| | नरम | गुनगुना | ठंडा ✓ | मीठा |
| (ख) | लंबी | | | |
| | ऊँची | छोटी ✓ | पतली | मोटी |
| (ग) | खुली | | | |
| | संकरी ✓ | ठंडी | मोटी | पतली |
| (घ) | अन्दर | | | |
| | भीतर | बाहर ✓ | ऊपर | नीचे |
| | | | | |
| | | | | |

| | |
|---|---|
| | Reflection Learning- |
| (क) | अतिथि सत्कार और खान-पान को जाना| |
| (ख) | कुशल व्यवहार करना सीखा| |
| | Activity-इंटरनेट की सहायता से प्रवासी पक्षियों को पहचानिए और नाम चुनकर लिखिए- |
| | **व्याकरण** |
| | **पाठ 6- करना या होना- क्रिया** |
| **1.** | **कोष्ठक में दी गई क्रियाओं में से सही क्रिया रूप छाँटकर लिखिए-** |
| (क) | बच्चा बहुत तेज़ दौड़ रहा था। ( दौड़ रहा था/ दौड़ रहे थे/ दौड़ रही थी ) |
| (ख) | वृक्ष पर पके पके आम लगे हैं। (लगी/लगा/लगे ) |
| (ग) | अमन और मोहित बाहर खेल रहे हैं। ( खेल रहे हैं/ खेल रही है/ खेल रही हैं ) |
| (घ) | शेर के आने पर सभी जानवर सहम गए। ( सहम गया/ सहम गए/ सहम गई ) |
| | |
| **2.** | **प्रत्येक व्यक्ति को उसके काम से जोड़ें -** |

| | | |
|---|---|---|
| | धोबी | कपड़े सिलता है। |
| | अध्यापिका | अन्न उगाता है। |
| | चित्रकार | कपड़े धोता है। |
| | दरजी | चित्र बनाता है। |
| | किसान | पढ़ातीं हैं। |
| | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **3.** | **हर पंक्ति में जो क्रिया शब्द नहीं है, उन्हें रेखाँकित कीजिए-** | | | |
| (क) | महकना | **बगीचा** | गुनगुनाना | दौड़ा |
| (ख) | पढना | बैठना | गाया | **घर** |
| (ग) | चलेगा | **चित्र** | सुना | आना |
| (घ) | **धीरे-से** | चढ़ा | मुसकराना | दिया |
| (ड) | **ऊपर** | सीखा | चलाना | हँसना |
| | | | | |



| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | |
| **4.** | **चित्र देखकर सही क्रिया का प्रयोग करते हुए वाक्य बनाएँ।** | | |
| |  | | |
| **5.** | **इन वाक्यों में आई क्रियाओं के काल लिखें-** | | |
| (क) | हम ही जीतेंगे\| | | भविष्यतकाल |
| (ख) | बच्चे मैदान में साइकिल चला रहे हैं\| | | वर्तमानकाल |
| (ग) | कल तेज़ बारिश हुई\| | | भूतकाल |
| (घ) | पेड़ के नीचे यात्री विश्राम कर रहे हैं\| | | वर्तमानकाल |
| (ड़) | रीना ने गाना गाया\| | | भूतकाल |
| | **पर्यायवाची शब्द** | | |
| **1.** | **इनके दो-दो पर्यायवाची लिखें -** | | |
| |  |  |  |
| | नदी | बंदर | घर |
| | सरिता | वानर | गृह |
| **2.** | **एक लिखें हम और दो लिखें आप-** | | |
| | बगीचा | बाग | उपवन |

Image 1 text:

4. चित्र देखकर सही क्रिया का प्रयोग करते हुए वाक्य बनाएँ—

चिड़िया उड़ रही है।

लड़कियाँ खेल रही हैं।

रोहन दादी माँ को पानी दे रहा है।

डाकिया घर-घर पत्र बाँटता है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| | दिन | दिवस | वार |
| | संसार | जगत | दुनिया |
| | विद्यालय | पाठशाला | स्कूल |
| **3.** | **जो शब्द अलग हैं, उन्हें रेखांकित कीजिए-** | | |
| | शाम | सायं | **<u>रात</u>** |
| | हवा | **<u>सुर</u>** | पवन |
| | पाठशाला | स्कूल | **<u>निकेतन</u>** |
| | सूरज | **<u>चन्द्र</u>** | सूर्य |
| | | | |

## <u>क्रियात्मक कार्य</u>


| | |
|---|---|
| | **<u>अपठित गद्यांश</u>** |
| | **व्याकरण पाठ्यपुस्तक पृष्ठ संख्या 92 (2)** |
| | **आम वसंत का ....................................................... जनक रहा है\|** |
| | **अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** |
| 1. | वसंत ऋतु की शुरुआत कब से मानी जाती है? |
| उत्तर | आम में बौर लगते ही वसंत ऋतु की शुरुआत मानी जाती है\| |
| 2. | आम में बौर आने पर कौन-कौन खुश होता है? |
| उत्तर | आम में बौर आने पर कोयल,भँवरे,तितलियाँ और पक्षी खुश हो जाते हैं\| |
| 3. | कोयल किस ऋतु में कूकती है? |
| उत्तर | कोयल वसंत ऋतु में कूकती है\| |
| 4. | फलों में श्रेष्ठ फल किसे माना जाता है? |
| उत्तर | फलों में श्रेष्ठ फल आम को माना जाता है\| |
| 5. | आम की छाल,लकड़ी,पत्ते और फल आदि का प्रयोग किस में किया जाता है? |
| उत्तर | आम की छाल,लकड़ी,पत्ते और फल आदि का प्रयोग शुभ कार्यों में किया जाता है\| |
| | |

| | |
|---|---|
| | **चित्र वर्णन** |
| | नीचे दिए गए चित्र का वर्णन 40 से 45 शब्दों में कीजिए- |
| |   |
| | यह एक प्लेटफार्म का चित्र है\| एक रेलगाड़ी खड़ी है\| यहाँ पर एक बोर्ड भी है जिस पर दिल्ली लिखा हुआ है\| इससे पता चलता है कि यह दिल्ली का प्लेटफार्म है\| प्लेटफार्म पर बहुत लोग हैं कुछ यात्री ट्रेन में चढ़ रहे हैं, और कुछ उतर रहे हैं\| एक आदमी सूटकेस लेकर खड़ा होकर बातें कर रहा है\| कुली सामान को सिर और हाथों में उठाकर जा रहा है,उसके पीछे एक महिला जा रही है\| यह प्लेटफार्म बहुत व्यस्त है\| |
| | |
| | CBE Link-https://tinyurl.com/2s3ty5vh |

| | |
|---|---|
| ‘ | **DELHI PUBLIC SGHOOL GANDHINAGAR**<br>**ACADEMIC SESSION (2025-26)**<br>**CLASS:III SUBJECT:HINDI AUGUST: 2025**<br>**Term - I** |
| | **पाठ- 4 गेहूँ की बालियाँ**<br> |
| | पाठ समझाना- |
| | निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए तथा किन्हीं दो शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए\| |
| | शब्द - अर्थ |
| (क) | पकना- तैयार होना |
| (ख) | हवा- बयार |
| (ग) | गीत-गाना |
| (घ) | भीतर- अंदर |
| * | वाक्य रचना |
| (क) | पकना- खेत में फसले पक गईं हैं\| |
| (ख) | भीतर- बाहर तेज़ वर्षा हो रही है सब भीतर आजाओ\| |
| | लघु उत्तरीय प्रश्न (SHORT ANSWER QUESTIONS) |
| (1) | गेहूँ की बालियाँ दिखने में कैसी लगती हैं? |
| उत्तर: | गेहूँ की बालियाँ दिखने में सोने की-सी लगती हैं\| |
| (2) | लहलहाते खेतों को देखकर कौन झूमते हैं? |
| उत्तर: | लहलहाते खेतों को देखकर किसनू काका झूमते हैं\| |
| (3) | किसनू काका कौन हैं? |
| उत्तर: | किसनू काका एक किसान हैं\| |

| | |
|---|---|
| (4) | कौन इतराते हैं? |
| उत्तर: | पंछी इतराते हैं\| |
| | दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (LONG ANSWER QUESTIONS) |
| (1) | गेहूँ की बालियों को सोने के समान क्यों कहा गया है? |
| उत्तर | गेहूँ की बालियाँ सुनहरे रंग की है इसलिए वे सोने की सी लग रही हैं\| |
| (2) | गेहूँ की बालियाँ कब और क्या रचती हैं? |
| उत्तर | हवा चलने पर गेहूँ की बालियाँ सोने का सागर रचती हैं\| |
| (3) | क्या देखकर किसनू काका गीत गाते हैं? |
| उत्तर: | लहलहाते खेतों को देखकर किसनू काका गीत गाते हैं\| |
| (4) | लहलहाते खेतों को देखकर कवि की क्या इच्छा हो रही है? |
| उत्तर: | लहलहाते खेतों को देखकर कवि की तीतर और कबूतर के समान घूमने की इच्छा हो रही है\| |
| | CBE Based Questions |
| (क) | किसकी बालियाँ पक गईं हैं? |
| उत्तर: | चावल की     गेहूँ की     दाल की |
| (ख) | उड़ते-उड़ते कौन इतराते हैं? |
| उत्तर: | पंछी\| |
| (ग) | इस कविता का नाम लिखिए\| |
| उत्तर: | दिविक रमेश\| |
| | पाठ्यपुस्तक में किया जाने वाला कार्य |
| 1 | कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए- (गृहकार्य) |
| | पकी गेहूँ की लो बालियाँ<br>कैसी सोने की-सी लगतीं<br>हवा चली तो लहरों का-सा<br>सोने का-सा सागर हैं रचतीं\|<br><br>मुझको तो लगता धँस जाऊँ<br>लहराते खेतों के भीतर,<br>और झूम लूँ ऐसे जैसे<br>झूमें तीतर और कबूतर\| |
| 2 | सही उत्तर चुनकर ☑ का निशान लगाइए- |
| (क) | सोने की-सी क्या लग रही हैं? |
| (i) | गेहूँ की बालियाँ☑     (ii) सूरज की किरणें     (iii) बालक की हँसी |

| | |
|---|---|
| (ख) | झूम-झूमकर गीत कौन सुना रहा है? |
| (i) | किसन् काका☑ (ii) पंछी (iii) पेड़-पौधे |
| (ग) | कवि किसकी तरह झूमना चाहते हैं? |
| (i) | तीतर और कबूतर की तरह☑ (ii)तोता और मैना की तरह (iii) चिड़िया और गौरैया की तरह |
| 3 | चित्र के आधार पर कविता की पंक्तियाँ लिखिए- |
| |  पकी गेहूँ की बालियाँ<br>कैसी सोने की सी लगती\| |
| |  और इधर वे उड़ते-उड़ते<br>पंछी कैसे हैं इतराते\| |
| | अर्थग्रहण संबंधी प्रश्न (MSQs/Descriptive) |
| | पाठांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए- |
| (क) | कवि की कहाँ धँसने की इच्छा हो रही है? |
| उत्तर: | लहराते खेतों के भीतर\| |
| (ख) | तीतर और कबूतर क्या करते हैं? |
| उत्तर: | वे लहराते खेतों को देखकर झूम उठते हैं\| |
| (ग) | पद्यांश में आए पक्षियों के नाम लिखिए? |
| उत्तर: | तीतर और कबूतर\| |
| (घ) | पद्यांश में आए संज्ञा शब्द लिखिए? |
| उत्तर: | खेत,तीतर और कबूतर |
| | |
| | भाषायी घटक (Lingustic Components) |


| | |
|---|---|
| 1. | उलटे अर्थ वाले शब्द लिखिए- |
| | पक्का- कच्चा      सुबह- शाम |
| | इधर- उधर      आना-जाना |
| | अंदर- बाहर      रुकना- चलना |
| 2. | एकवचन को बहुवचन में बदलकर लिखिए- |
| | बाली- बालियाँ      मिठाई- मिठाइयाँ |
| | लड़की- लड़कियाँ      खुशी- खुशियाँ |
| | रोटी- रोटियाँ      दवाई- दवाइयाँ |
| 3 | Omit |
| 4 | चित्र के जो पर्यायवाची नहीं हैं, उनपर ☑ लगाइए- |
| |  पंछी    पतंग ☑    खग    विहग |
| |  पेड़    वृक्ष    तरु    शाखा☑ |
| |  सरोवर☑    सरिता    नदी    तटिनी |
| | Reflection Learning- |
| 1 | कृषि -कर्म के प्रति रूचि बढ़ी। |
| 2 | किसान के प्रति सम्मान का भाव जगा। |
| | अनाजों को छोटे-छोटे पैकेट में संग्रहित करके स्क्रैप बुक में चिपकाकर उनके नाम लिखिए। कोई-5 (SEA) |
| | |
| | पाठ-6 ऐसे किया छुट्टियों का सदुपयोग |

| | |
|---|---|
| | पाठ समझाना- |
| | निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए तथा किन्हीं दो शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए। |
| | शब्द - अर्थ |
| (क) | बेज़बान- मूक, जो बोल नहीं सकते |
| (ख) | राहगीर- राह पर चलने वाला |
| (ग) | शुरू- आरंभ |
| (घ) | चिंता- सोच |
| * | वाक्य रचना |
| (क) | शुरू - कल से हमारी छुट्टियाँ शुरू हो रही हैं। |
| (ख) | राहगीर- राहगीर पेड़ की छाया में बैठे हैं। |
| | लघु उत्तरीय प्रश्न (SHORT ANSWER QUESTIONS) |
| (1) | अंश क्यों खुश था? |
| उत्तर: | अंश की गर्मी की छुट्टियाँ पड़ी थीं इसलिए वह खुश था। |
| (2) | अंश की कितने दिनों की छुट्टियाँ हो गईं थीं? |
| उत्तर: | अंश की एक महीने की छुट्टियाँ हो गईं थीं |
| (3) | पाठ में किस मौसम की बात हो रही है? |
| उत्तर: | पाठ में गरमी के मौसम की बात हो रही है। |
| (4) | अंश किस-किस के बारे में बाते कर रहा था? |
| उत्तर: | अंश मज़दूर, राहगीरों और बेज़ुबान जानवरों के बारे में बाते कर रहा था। |
| | दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (LONG ANSWER QUESTIONS) |
| (1) | अंश ने अपने मित्रों को क्या योजना बताई? |
| उत्तर: | अंश ने गरमी से बेहाल मज़दूरों,राहगीरों और बेज़ुबान जानवरों की सहायता की योजना बताई। |
| (2) | अंश ने अपनी कौन-सी चिंता मित्रों के सामने रखी? |
| उत्तर: | अंश गरमी से बेहाल आदमियों और बेज़बान जानवरों के लिए चिंतित था जो उसने अपने दोस्तों के साथ साझा की। |
| (3) | अंश की योजना में बड़ों ने किस प्रकार सहयोग किया? |

| | |
|---|---|
| उत्तर: | अंश की योजना में सभी बड़ों ने पाँच-पाँच सौ की राशि देकर अपने सहयोग सुनिश्चित किया\| |
| (4) | अंश और उसके मित्रों के कार्य का क्या परिणाम हुआ? |
| उत्तर: | अंश और उसके मित्रों के कार्य से सभी राहगीर, मज़दूर व पशु-पक्षी खुशी से झूम उठे\| |
| | |
| | CBE Based Questions |
| (1) | कौन अपनी पीड़ा किसी से नहीं कह सकते? |
| उत्तर: | बेज़ुबान जानवर\| |
| (2) | सबने मिलकर कितने रूपये मेज़ पर रखे? |
| उत्तर: | किसी ने बीस, किसी ने पचास और किसी ने सौ रूपये मेज़ पर रख दिए\| |
| (3) | क्या बच्चों द्वारा लगाई गई पानी की टंकियों का प्रयोग सब कर रहे थे? हाँ या नहीं में जवाब लिखिए\| |
| उत्तर: | हाँ |
| | पाठ्यपुस्तक में किया जाने वाला कार्य |
| | किसने किससे कहा- |
| (क) | बात तो तुम ठीक कर रहे हो\| |
| उत्तर: | प्रांजल ने अंश से\| |
| (ख) | हम अपनी छुट्टियों को यादगार बनाते हुए कुछ अलग हटकर काम कर सकते हैं\| |
| उत्तर: | अंश ने सभी मित्रों से\| |
| | रिक्त स्थान भरिए- |
| (क) | ऐसी भीषण गरमी में तो बाहर निकलना मुश्किल हो गया था\| |
| (ख) | उन बेज़बान जानवरों और पक्षियों की क्या हालत होती होगी जो अपनी पीड़ा किसी से कह भी नहीं सकते\| |
| (ग) | अंश ने सभी को अपनी योजना बताई\| |
| (घ) | सीमेंट की टंकियाँ सड़क के किनारे और चौराहे पर रखी गईं\| |
| | सही विकल्प पर ☑ का निशान लगाइए- |
| (क) | गरमी में क्या बुझने का नाम नहीं ले रही थी? प्यास☑ |
| (ख) | अंश ने अपनी योजना किसे बताई? मित्रों को ☑ |

| | |
|---|---|
| (ग) | ठंडा रखने के लिए मिट्टी के घड़ों पर क्या लपेटा गया? टाट की पट्टियाँ ☑ |
| | अर्थग्रहण संबंधी प्रश्न (MSQs/Descriptive) |
| | पाठांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए- |
| | अंश ने -------------------------------- मिलने लगे\| |
| (क) | किसने अपनी योजना बताई? |
| उत्तर: | अंश ने\| |
| (ख) | मेज़ पर किसका ढेर लग गया? |
| उत्तर: | रुपयों का\| |
| (ग) | बड़ों ने क्या सहयोग राशि दी? |
| उत्तर: | पाँच सौ रूपये की\| |
| (घ) | पाठांश में से द्वित्व व्यंजन वाले शब्द चुनकर लिखिए\| |
| उत्तर: | बच्चों, सम्मिलित\| |
| | भाषायी घटक (Lingustic Components) |
| 1 | समझकर मिलान कीजिए- |
| | चार रास्ते वाला- चौराहा |
| | तीन रास्ते वाला- तिराहा |
| | राह पर चलने वाला- राहगीर |
| | मेहनत करने वाला- मेहनती |
| 2 | पर्यायवाची शब्द लिखिए- |
| | पक्षी- खग घर- गृह |
| | मित्र- दोस्त ठंडा- शीतल |
| | पानी- जल जानवर- पशु |
| 3 | पाठ में आए प्राणियों और वस्तुओं के नाम लिखिए- |
| | प्राणी- बकरी, अंश, प्रांजल, मज़दूर |
| | वस्तु- पंखा, घड़े, मेज़, टंकी |
| 4 | सही विलोम पर √ का निशान लगाइए- |

| | |
|---|---|
| (क) | सदुपयोग |
| (i) | उपयोग (ii) दुरूपयोग☑ (iii) योग |
| (ख) | मुश्किल |
| (i) | दिक्कत (ii) कठिनाई (iii) आसान☑ |
| (ग) | मित्र |
| (i) | शत्रु☑ (ii) सखा (iii) सहपाठी |
| | गतिविधि- |
| | पक्षियों के लिए एक प्यारा सा घोंसला बनाइए। |
| | |
| | विशेषण |
| 1 | हर चित्र के लिए सही विशेषण शब्द पर रेखा करिए- |
| |  समझदार नुकीली गरम |
| 2 |  लंबा गोल मेहनती |
| 3 |  भारी कच्ची रंग-बिरंगी |
| 4 |  विशाल पीला स्वादिष्ट |
| 5 |  मूर्ख लंबी मीठी |


| | |
|---|---|
| 6 |  चतुर नमकीन रसीला |
| 2 | वाक्यों में आए विशेषण शब्द चुनकर लिखिए- |
| (क) | माँ स्वादिष्ट खीर बनाती हैं। स्वादिष्ट |
| (ख) | आज रोमा ने पीले कपड़े पहने हैं। पीले |
| (ग) | भैया, दो किलो चावल दे दीजिये। दो किलो |
| (घ) | बीमार आदमी से चला नहीं जाता। बीमार |
| (ड.) | मुझे ठंडी कॉफ़ी पसंद है। ठंडी |
| 3 | विशेषण और संज्ञा शब्दों का सही मिलान कीजिए- |
| | दो लीटर दूध |
| | सुंदर बालिका |
| | स्वादिष्ट भोजन |
| | नीला कोट |
| 4 | इस चित्र में कुछ चीजें बनी हैं। हर चीज़ के लिए एक-एक विशेषण लिखिए- |
| |  |
| | हरा पेड़, स्वच्छ पानी, लंबी नदी, ऊँचे पहाड़, रंग-बिरंगे फूल । |
| 5 | सही विशेषण लिखकर वाक्य पूरे करें- |

| | |
|---|---|
| **(क)** | **गुलाब गुलाबी रंग का है।** |
| **(ख)** | **मेरे पास पाँच पेंसिलें हैं।** |
| **(ग)** | **झूला ऊँची डाल पर डालें** |
| **(घ)** | **पके आम मीठे होते हैं।** |
| **(ड.)** | **लड़की सुंदर है।** |
| **(च)** | **हरा डब्बा ऊपर रखा है।** |
| | |
| | **क्रियात्मक कार्य** |
| | **अनौपचारिक पत्र (प्रारूप)** |
| **1** | प्रेषक का पता :- |
| | अपना नाम और पता लिखिए- |
| | तारीख: **18** जुलाई **2025** |
| | |
| **2** | अभिवादन :- |
| | प्रिय **(** प्राप्तकर्ता का नाम**)** |
| | |
| **3** | पत्र का मुख्य भाग:- |
| | अपनी बात या जानकारी लिखें। |
| | जो भी कहना चाहते हैं उसे स्पष्ट लिखें।-------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------। |
| | |
| **4** | समापन:- |
| | तुम्हारा/तुम्हारी |
| | आपका/आपकी |
| | |
| **5** | हस्ताक्षर |

अभ्यास हेतु- पत्र का प्रारुप लिखकर अभ्यास करें|

## चित्र-वर्णन

**चित्र को देखकर 40 से 45 शब्दों में वर्णन कीजिए-**



**यह चित्र सुंदर से बगीचे का है| सरदी का मौसम है| सुंदर नीला आसमान है| धूप खिली हुई है| सभी बगीचे में आकर धूप का आनंद ले रहे हैं| चित्र में खुशनुमा वातावरण है| हरे-भरे पेड़ हैं| अंकल और आंटी बेंच पर बैठे आपस में बातें कर रहे हैं| बच्चे बगीचे में खेल रहे हैं| समीरा झूला झूल रही है| पास ही तीन घर दिख रहे हैं| मितेश स्लाइड का मज़ा ले रहा है| किमारा और परम गुब्बारे से खेल रहे हैं| केविन और लव फुटबॉल से खेल रहे हैं| मिशेल अपने पिता के साथ कहीं जा रहा है|**

**CBE LINK PRACTICE LINK**

https://forms.gle/nc5AFdi7zgbNrDfv7

| | |
|---|---|
| ‘ | **STD -3**<br>**Term - I July**<br>**(2025-26)** |
| | **पाठ- 3 श्याम और बूढ़ी गाय**<br> |
| | **पाठ समझाना-** |
| | **निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए तथा किन्हीं दो शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए\|** |
| | **शब्द - अर्थ** |
| **(क)** | **दयालु - कृपालु** |
| **(ख)** | **व्यापार - सामान खरीदने बेचने का काम** |
| **(ग)** | **मदद - सहायता** |
| **(घ)** | **खरीदना - मोल लेना** |
| * | **वाक्य रचना** |
| **(क)** | **व्यापार- कपिल के पिता कपड़ों का व्यापार करते हैं\|** |
| **(ख)** | **खरीदना- आज मुझे अपना सामान खरीदने जाना है\|** |
| | **लघु उत्तरीय प्रश्न (SHORT ANSWER QUESTIONS)** |
| **(1)** | **श्याम कितने वर्ष का था?** |
| **उत्तर:** | **श्याम दस वर्ष का था\|** |
| **(2)** | **श्याम कैसा बालक था?** |
| **उत्तर:** | **श्याम बहुत ही दयालु और समझदार बालक था\|** |
| **(3)** | **श्याम के पड़ोसी का क्या नाम था?** |
| **उत्तर:** | **श्याम के पड़ोसी का नाम मदन था\|** |
| **(4)** | **श्याम अपने पापा से किसे खरीदने की ज़िद कर रहा था?** |

| | |
|---|---|
| उत्तर: | श्याम अपने पापा से एक बूढी गाय को खरीदने की ज़िद कर रहा था\| |
| | दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (LONG ANSWER QUESTIONS) |
| (1) | श्याम क्या देखकर रोने लगा? |
| उत्तर | श्याम ने देखा कि मदन काका अपनी बूढ़ी व लाचार गाय को एक कसाई के हाथों बेच रहे हैं जिसे देखकर वह रोने लगा\| |
| (2) | श्याम को किस प्रकार बूढ़ी गाय की उपयोगिता पता चली? |
| उत्तर | श्याम को पता था कि गाय के गोबर से खाद बनाई जा सकती है जो सब्ज़ियों के उगने के लिए लाभदायक है\| |
| (3) | श्याम ने खाद कैसे बनाई? |
| उत्तर: | श्याम ने एक गड्ढा खोदा और उसमें तीन चार दिन तक गाय का गोबर और सब्ज़ियों के छिलके डालता रहा\| फिर उसे घास-फूस से ढक दिया और रोज़ पानी का छिड़काव करता रहा\| बीस-पच्चीस दिनों में खाद तैयार हो गई\| |
| (4) | श्याम के पिता एक सफल व्यापारी कैसे बने? |
| उत्तर: | श्याम के पिता बूढ़ी व लाचार गायों को खरीदकर उनकी देखभाल करने लगे और पर्याप्त मात्रा में खाद बनाने लगे\| जिससे आगे चलकर वे एक सफल व्यापारी बने\| |
| | <u>CBE Based Questions</u> |
| (क) | सब्जियों को उगाने के लिए क्या ज़रुरी है? |
| उत्तर: | दवाई खाद√ पाउडर |
| (ख) | खाद तैयार करने के लिए गोबर के साथ और क्या मिलाया गया? |
| उत्तर: | सब्ज़ियों के छिलके\| |
| (ग) | मदन काका कौन थे? |
| उत्तर: | श्याम के पड़ोसी\| |
| (घ) | अपनी मन पसंद कोई दो सब्ज़ियों के नाम लिखकर चित्र बनाइए- |
| |  आलू, गाजर, चुकंदर |
| | पाठ्यपुस्तक में किया जाने वाला कार्य |

| | |
|---|---|
| | शब्दों की सहायता से रिक्त स्थान भरिए- |
| | (उपयोगिता, गाय, ज़िद, सफल) |
| (क) | बूढ़ी व लाचार गाय को एक कसाई के हाथों बेच रहा था। |
| (ख) | श्याम की ज़िद के आगे पापा मान गए। |
| (ग) | श्याम को गाय की उपयोगिता पता चल गई। |
| (घ) | श्याम के पिता साधारण किसान के साथ-साथ एक सफल व्यापारी भी बन गए। |
| | वाक्य के आगे ☑ या ☒ का निशान लगाइए- |
| (क) | श्याम दस वर्ष का दयालु और समझदार बालक था।☑ |
| (ख) | श्याम की ज़िद के आगे मम्मी मान गईं।☒ |
| (ग) | खाद का छिडकाव करने पर पहले की अपेक्षा बड़ी सब्ज़ियाँ उगीं।☑ |
| (घ) | पापा आस-पास के गाँवों से घोड़ों को खरीदकर देखभाल करने लगे।☒ |
| (ड.) | वे पर्याप्त मात्रा में खाद बनाकर खाद का व्यापार करने लगे।☑ |
| | अर्थग्रहण संबंधी प्रश्न (MSQs/Descriptive) |
| | पाठांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए- |
| | श्याम को एक दिन --------------------------------- तैयार हो गई।” |
| (क) | श्याम को कक्षा में क्या पढ़ाया गया? |
| उत्तर: | श्याम को खाद बनाने की प्रक्रिया के बारे में पढ़ाया गया था। |
| (ख) | श्याम ने गड्ढा कहाँ खोदा? |
| उत्तर: | श्याम ने गड्ढा किचन गार्डन में खोदा। |
| (ग) | खाद कितने दिनों में तैयार हो गई? |
| उत्तर: | बीस-पच्चीस। |
| (घ) | पाठांश में से संयुक्त वर्ण वाले शब्द चुनकर लिखिए। |
| उत्तर: | श्याम, सब्ज़ियो, कक्षा, क्या, गड्ढा |
| | |
| | भाषायी घटक (Lingustic Components) |
| 1. | लिंग बदलिए- |

| | | |
|---|---|---|
| | बालक- बालिका | काका- काकी |
| | बच्चा-बच्ची | पापा- मम्मी |
| | दादा- दादी | बैल- गाय |
| 2. | मिलान कीजिए- | |
| | रोना-हँसना | अधिक-कम |
| | बड़ा-छोटा | दिन-रात |
| | नया-पुराना | गाँव-शहर |
| 3 | पर्यायवाची ढूँढ़कर लिखिए- | |
| | लड़का- बालक | पानी- नीर |
| | गाय- धेनु | पंछी- खग |
| | दिन- दिवस | बैल- गाय |
| 4 | सही विकल्प पर सही का निशान लगाइए- | |
| (क) | जो खेती करता है- | |
| उत्तर: | (i) किसान√ (ii) माली (iii) बढ़ई (iv) जमींदार | |
| (ख) | जो फूल पौधों की देखभाल करता है- | |
| उत्तर: | (i) व्यापारी (ii) माली√ (iii) मोची (iv) चौकीदार | |
| (ग) | जो मूर्ति बनाता है- | |
| उत्तर: | (i) कुम्हार (ii) चित्रकार (iii) मूर्तिकार√ (iv) वास्तुकार | |
| (घ) | जो व्यापार करता है- | |
| उत्तर: | (i) दुकानदार (ii) बनिया (iii) व्यापारी (iv) उद्योगपति | |
| | REFLECTION LEARNING | |
| 1 | दया, प्रेम और करुणा का भाव जगा\|\| | |
| 2 | पशु-पालन और कृषि के प्रति रुचि बढ़ी\|\| | |
| | ACTIVITY- कविता में जिन सब्ज़ियों के नाम आए हैं उनके चित्र चिपकाकर नाम लिखिए\| | |
| | | |

| | |
|---|---|
| | **व्याकरण** |
| | **वचन (Number)** |
| |  |
| | **सोचकर लिखिए-** |
| 1 | **दिए गए शब्दों के बहुवचन लिखिए-** |
| (क) | माला- मालाएँ |
| (ख) | बगुला- बगुले |
| (ग) | पंखा- पंखे |
| (घ) | सलाई- सलाइयाँ |
| (ड.) | मिठाई- मिठाइयाँ |
| 2 | **हर पंक्ति में जो शब्द समूह से अलग है उसके नीचे रेखा खींचें और पहले वर्ण को लिखें-** |
| (क) | बच्चे झूले शरीफा गेंदें (श) |
| (ख) | बिल्लियाँ लकड़ी घोड़े मुरगे (ल) |
| (ग) | रोटियाँ जलेबियाँ खरबूजे गमला (ग) |
| (घ) | पौधे मछली गमले पत्ते (म) |
| 3 | **एक से अनेक शब्द बनाकर लिखें-** |
| | मुरगी- पाँच मुरगियाँ पतंग- दो पतंगें |
| | तितली- सब तितलियाँ चींटी- बहुत चींटियाँ |
| 4 | **चित्रों को देखकर वाक्य पूरे करें-** |
| |  फूलों पर तितलियाँ मंडरा रही हैं। |
| | |

| | |
|---|---|
| |  सोहम के पास चार गुब्बारें हैं\| |
| |  चींटी चीनी खा रही है\| |
| | |
| 5 | रंगीन छपे शब्दों के वचन बदलकर वाक्य दोबारा लिखिए- |
| (क) | मेरे पास रंगीन पेंसिल है\| |
| | मेरे पास रंगीन पेंसिलें हैं\| |
| (ख) | माँ ने लंच-बॉक्स में जलेबी दी है\| |
| | माँ ने लंच-बॉक्स में जलेबियाँ दी हैं\| |
| (ग) | मुरगा रोज़ सुबह बाँग लगाता है\| |
| | मुरगे रोज़ सुबह बाँग लगाते हैं\| |
| (घ) | बगुला नदी के किनारे बैठा है\| |
| | बगुले नदी के किनारे बैठे हैं\| |
| (ड.) | आसमान में पतंग उड़ रही है\| |
| | आसमान में पतंगें उड़ रही हैं\| |
| | **<u>सर्वनाम</u>** |
| |   |
| 1 | नीचे लिखे अनुच्छेद में आए सर्वनाम शब्दों के नीचे रेखा करिए गोला करिए- |
| | बंदर बहुत नटखट और लालची होते हैं\| कुछ तो हमारी और तुम्हारी तरह बोलने की कोशिश भी करते |




| | |
|---|---|
| | हैं। ये इतने चतुर और बुद्धिमान होते हैं कि रंगों की पहचान करना इनके लिए मुश्किल नहीं है। इनमें से कुछ हमसे काफ़ी मिलते-जुलते भी होतें हैं। |
| 2 | सही सर्वनाम चुनकर खली स्थान में लिखें- |
| (क) | मैं तुम्हारी भं हूँ। |
| (ख) | माँ मेरा बहुत ध्यान रखती हैं। |
| (ग) | मुझे देखते ही अनिला भाग गई। |
| (घ) | हम साथ ही रहेंगें। |
| 3 | जो शब्द सर्वनाम हैं उनपर सही लगाएँ- |
| (क) | सुंदर गुलाब वह☑ |
| (ख) | उसे☑ चिड़िया सविता |
| (ग) | पिता जी तुम☑ प्यार |
| (घ) | बैठो देश आप☑ |
| 4 | वाक्यों में रंगीन सर्वनाम शब्द किस संज्ञा के लिए आए हैं लिखिए- |
| (ख) | एक तोता डाल पर बैठा है। वह फल खा रहा है। तोता |
| (ग) | लड़कियाँ जानवरों को देख रहीं हैं। वे डर रहीं हैं। लड़कियाँ |
| (घ) | मालिन फूलों की माला बना रही है। वह गीत गा रही है। मालिन |
| (ड.) | अर्पित ने नई कमीज़ खरीदी। वह नीली है। कमीज़ |
| (च) | नदी में मछलियाँ तैर रही हैं। वे सुनहरी हैं। मछलियाँ |
| 5 | सही सर्वनाम लिखकर कहानी पूरी करें- |
| | एक पतंग और पिल्ले में गहरी दोस्ती थी। एक दिन हवा से पतंग कहीं दूर चली गई। पिल्ला उसे ढूंढ़ता रहा। उसने शीशम के पेड़ से पूछा, पर कहीं उसका पता न चला। वह बहुत देर तक खोजता रहा। फिर फिर एक खरगोश ने कहा- चलो मैं बताता हूँ। तब वे एक झाड़ी के पीछे से उसे खोज लाए। |
| | क्रियात्मक कार्य |
| | अपठित पद्यांश |

| | |
|---|---|
| |  |
| | अपठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नोंके उत्तर लिखिए- |
| | यह मेरा प्यारा स्कूल |
| | नहीं सकता मैं इसको भूल |
| | स्कूल ने मेरा ज्ञान बढ़ाकर |
| | जीवन दिया मेरा संवार |
| | टीचर हमसे कहती, |
| | बड़े होकर प्रण तुम लेना |
| | कोई वकील, कोई देश का नेता, |
| | कोई डॉक्टर तो, कोई इन्जीनियर बनना\| |
| (क) | बच्चों को अपना स्कूल कैसा लगता है? |
| उत्तर | प्यारा ☑      बड़ा      छोटा |
| (ख) | स्कूल ने बच्चों का जीवन कैसे संवारा? |
| उत्तर | बच्चों का ज्ञान बढ़ाकर\| |
| (ग) | टीचर बड़े होकर बच्चों से क्या बनने के लिए कहती हैं? |
| उत्तर | कोई वकील, कोई देश का नेता, कोई डॉक्टर तो, कोई इन्जीनियर बनना\| |
| (घ) | प्रतिज्ञा का समान अर्थ पद्यांश में से चुनकर लिखिए\| |
| उत्तर | प्रतिज्ञा- प्रण |
| | |
| | C.B.E LINK |
| | https://forms.gle/vrnMxpVDh6JSNSyt6 |


| | |
|---|---|

| ‘ | STD -3<br>**Term-I JUNE (2025-26)** |
|---|---|
| | **पाठ-2 मोर और कौआ**<br> |
| | **पाठ समझाना-** |
| | **निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए तथा किन्हीं दो शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए\|** |
| | **शब्द - अर्थ** |
| (क) | भीड़ - जमघट |
| (ख) | फ़र्क - अंतर |
| (ग) | आज़ाद - स्वतंत्र |
| (घ) | मरज़ी - इच्छा |
| * | **वाक्य रचना** |
| (क) | भीड़ - इस बाज़ार में बहुत भीड़ है\| |
| (ख) | आज़ाद- अब हमारा देश आज़ाद है\| |
| | **लघु उत्तरीय प्रश्न (SHORT ANSWER QUESTIONS)** |
| (1) | कौआ कहाँ रहता था? |
| उत्तर: | कौआ जंगल में रहता था\| |
| (2) | तोते ने किसके शरीर पर कई रंग देखे? |
| उत्तर: | तोते ने मोर के शरीर पर कई रंग देखे\| |
| (3) | तोते के शरीर पर कितने रंग थे? |
| उत्तर: | तोते के शरीर पर दो रंग थे\| |
| | **दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (LONG ANSWER QUESTIONS)** |
| (1) | हंस ने तोते की सुंदरता के बारे में क्या बताया? |

| | |
|---|---|
| उत्तर | हंस के अनुसार तोते के पास दो-दो रंग हैं जो उसे हंस से भी अधिक सुंदर बनाते हैं\| |
| (2) | कौआ क्या पता लगाने निकल पड़ा? |
| उत्तर | कौआ दुनिया के सबसे खुश जीव का पता लगाने निकल पड़ा\| |
| (3) | मोर ने अपने बारे में कौए को क्या बताया? |
| उत्तर: | मोर ने तोते से कहा कि उसके सुंदर होने के बावजूद भी वह खुश नहीं है क्योंकि उसे पिंजरे में कैद करके रखा जाता है\| वह बाकी जीवों की तरह स्वतंत्र नहीं घूम सकता\| |
| | **<u>CBE Based Questions</u>** |
| (क) | सबसे पहले कौआ किससे मिलता है? |
| उत्तर: | हंस से\| |
| (ख) | हंस को सबसे सुंदर पक्षी कौन लगता है? |
| उत्तर: | (i) मोर (ii) तोता√ (iii) कबूतर |
| (ग) | कौए को उसके जीवन की अहमियत किसने बताई? |
| उत्तर: | मोर ने\| |
| | **पाठ्यपुस्तक में किया जाने वाला कार्य** |
| | **किसने किससे कहा-** |
| (क) | 'तुम इतने सुंदर हो, इसलिए तुम बहुत खुश होगे?' कौए ने हंस से |
| (ख) | 'भाई! तुम तो दो-दो रंग पाकर बड़े खुश होगे?' कौए ने तोते से |
| (ग) | 'भाई! तुम दुनिया के सबसे सुंदर जीव हो\| कौए ने मोर से |
| | **सही विकल्प पर सही का निशान लगाइए-** |
| (क) | कौए ने जंगल में किसे देखा? |
| उत्तर: | 1)हंस को√ 2)गिलहरी को 3)कबूतर को |
| (ख) | कौए ने दो-दो रंग वाले किस पक्षी को देखा? |
| उत्तर: | 1)तोते को√ 2)मैना को 3)बुलबुल को |
| (ग) | मोर को ढूँढते-ढूँढते कौआ कहाँ पहुँच गया? |
| उत्तर: | 1)पार्क में 2)चिड़ियाघर में√ 3)घर में |
| | **पाठ के आधार पर वाक्यों को सही घटना क्रम में लगाइए-** |

| | |
|---|---|
| (क) | कौए ने सोचा सबसे ज़्यादा खुश कौन है यह तो मैं पता करके ही रहूँगा\| 4 |
| (ख) | किसी जंगल में एक कौआ रहता था\| 1 |
| (ग) | यह प्राणी कितना सुंदर है\| 2 |
| (घ) | तोते के शरीर पर दो-दो रंग हैं\| 3 |
| (ड.) | तुम्हारे साथ लोग फ़ोटो खिंचवा रहे हैं\| 5 |
| | **अर्थग्रहण संबंधी प्रश्न (MSQs/Descriptive)** |
| | **पठांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** |
| | **अब कौए ने सोचा कि -------------------------------- कई तरह के रंग हैं\|"** |
| (क) | हंस ने किसे सबसे सुंदर बताया? |
| उत्तर: | हंस ने तोते को सबसे सुंदर बताया\| |
| (ख) | कौए ने तोते से क्या पूछा? |
| उत्तर: | कौए ने तोते से पूछा दो-दो रंग पाकर तुम बहुत खुश होंगे\| |
| (ग) | तोते ने कौए से क्या कहा? |
| उत्तर: | तोते ने कौए से कहा कि मैं तब तक खुश था जब तक मोर को नहीं देखा था\| |
| (घ) | तोता और मोर का पर्यायवाची लिखिए- |
| उत्तर: | तोता- पोपट, शुक, कीर |
| | मोर- सारंग, कलापी , नीलकंठ |
| | **भाषायी घटक (Lingustic Components)** |
| 1 | पशु-पक्षियों के चित्र देखकर उनकी बोलियों से मिलान कीजिए- |
| |  चीं-चीं  |
| |  कुहू- कुहू  टें-टें |
| |  क़्वैक- क़्वैक  |


| | |
|---|---|
| | |
| 2 | दिए गए शब्दों में से दो-दो पर्यायवाची शब्द चुनकर लिखिए- |
| | (नीर, संसार, धरा, वन, वसुधा, कानन, जल, वायु, ज़्यादा, पवन, अधिक, जगत) |
| | जंगल- कानन,वन दुनिया- संसार,जगत |
| | धरती- वसुधा,धरा हवा- पवन,वायु |
| | पानी- जल,नीर बहुत- ज़्यादा,अधिक |
| 3 | शब्द-पहेली में छिपे स्रीलिंग शब्दों को ढूँढ़कर लिखिए- |
| | घोड़ी बकरी |
| | मोरनी हंसिनी |
| | शेरनी चिड़िया |
| | चुहिया मुर्गी |
| | **REFLECTION LEARNING** |
| 1 | विभिन्न प्रकार के पक्षियों के बारे में जाना\| |
| 2 | आत्मसंतुष्टि का भाव जागा\| |
| | ACTIVITY- -पक्षियों के पंख इकट्ठा करके स्क्रैप बुक में लगाइए\| |
| | **व्याकरण** |
| | **लिंग (Gender)** |
| |  |
| | **सोचकर लिखिए-** |
| 1 | **स्त्रीलिंग शब्दों का पुल्लिंग शब्दों से मिलान करें-** |
| | महोदय- महोदया रानी- राजा |
| | बेटी- बेटा मुरगी- मुरगा |
| | नागिन- नाग सेठ- सेठानी |
| | ग्वाला- ग्वालिन सिंह- सिंहनी |

| | |
|---|---|
| | लुहार- लुहारिन                                 मोरनी- मोर |
| | माता- पिता                                 दादी- दादा |
| 2 | **कोष्टक में से सही शब्द चुनकर खाली स्थान भरें-** |
| (क) | कुम्हार घड़े बना रहा है\| (कुम्हार/कुम्हारिन) |
| (ख) | चुहिया बिल में छिप गई\| (चूहा/चुहिया) |
| (ग) | गायिका अच्छा गा रही है\| (गायक/गायिका) |
| (घ) | दादा जी धीरे-धीरे चल रहे थे\| (दादा जी/दादी जी) |
| (ड.) | मोर नाच रहा था\| (मोर/मोरनी) |
| (च) | मालिन फूल तोड़ रही है\| (माली/मालिन) |
| 3 | **इनके तीन-तीन शब्द लिखें-** |
| | सदा स्त्रीलिंग- मछली कोयल मक्खी |
| | सदा पुल्लिंग- खरगोश मगरमच्छ कछुआ |
| 4 | **चित्रों को देखकर उनके नाम सही जगह पर लिखें-** |
| |     |
| |     |
| | स्त्रीलिंग- महिला , लड़की, गाय , दादी माँ |
| | पुल्लिंग- लड़का, दादाजी, शेर, दरज़ी |
| 5 | **रंगीन छपे शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य दोबारा लिखिए-** |
| (क) | बालक स्कूल जा रहा है\| |
| | बालिका स्कूल जा रही है\| |
| (ख) | माता जी पौधों को पानी दे रही हैं\| |
| | पिता जी पौधों को पानी दे रहे हैं\| |

| | |
|---|---|
| (ग) | नौकरानी मटर छील रही है| |
| | नौकर मटर छील रहा है| |
| (घ) | दादा जी खाना खा रहे हैं| |
| | दादी जी खाना खा रही हैं| |
| (ड.) | शिक्षिका आज नहीं पढ़ाएँगी| |
| | शिक्षक आज नहीं पढ़ाएँगे| |
| | **क्रियात्मक कार्य** |
| | **अनुच्छेद लेखन** |
| |  |
| | **'मेरा घर' विषय पर 40 से 45 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए\|** |
| | सबसे महत्वपूर्ण स्थान→ सुंदर→ नाम→ रंग → कौन-कौन रहते हैं → घर से बहुत प्यार है| |
| | मेरे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण स्थान मेरा घर है\| मेरा घर बहुत बड़ा और सुंदर है\| मेरे घर का नाम ओम निवास है\| यह नीले रंग का है\| मेरे घर के सभी कमरे हवादार हैं\| मेरे इस प्यारे से घर में मेरे पिताजी, माँ हम तीन भाई-बहन और दादा-दादी रहते हैं\| हमारे घर में दो बेडरूम,एक बड़ा बरामदा,किचन लिविंग रूम और बागबानी के लिए बाहर एक छोटा सा लॉन और गैराज क लिए थोड़ी जगह भी मौजूद है\| मेरे पिता जी साल में एक बार घर का रखरखाव और सफ़ेदी जरुर कराते हैं\| मुझे अपने घर से बहुत प्यार है\| |
| | CBE LINK- |
| | https://forms.gle/BUfbym57cBMEJyKz5 |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |

| ‘ | STD -3<br>Term – I April- May (2025-26) |
|---|---|
| | **पाठ–1 (ख) देश हमारा** |
| * | **कविता का सस्वर वाचन व भावार्थ** |
| | **निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए तथा किन्हीं दो शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए।** |
| | शब्द – अर्थ |
| (क) | तुल्य – के समान |
| (ख) | पालनहार – पालन-पोषण करने वाला |
| (ग) | नमन – प्रणाम |
| (घ) | आशीष – आशीर्वाद |
| * | वाक्य रचना |
| (क) | पालनहार- भगवान हमारे पालनहार हैं। |
| (ख) | नमन – मैं सुबह उठकर सबसे पहले बड़ों को नमन करता हूँ। |
| | **लघु उत्तरीय प्रश्न (SHORT ANSWER QUESTIONS)** |
| (1) | देश को किसके समान बताया गया है? |
| उत्तर: | देश को पिता के समान बताया गया है। |
| (2) | बच्चे किसका शीष ऊँचा करना चाहते हैं? |
| उत्तर: | बच्चे देश का शीष ऊँचा करना चाहते हैं। |
| | **दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (LONG ANSWER QUESTIONS)** |
| (1) | देश हमें क्या देता है और क्या हर लेता है? |
| उत्तर: | देश हमें सुख देता है और दुःख हर लेता है। |
| (2) | बच्चे देश के लिए क्या करना चाहते हैं? |
| उत्तर: | बच्चे देश का मान बढ़ाकर उसका शीष विश्व में ऊँचा करना चाहते हैं। |
| | **CBE Based Question** |
| (क) | विघ्न का अर्थ क्या है? |
| उत्तर: | (i) सामान (ii) बोलना (iii) कठिनाई √ |
| (ख) | कविता में कवि देश के लिए क्या करना चाहते हैं? |
| उत्तर: | (i) धन लाना (ii) अच्छे कार्य करना√ (iii) पेड़ लगाना |

| | |
|---|---|
| (ग) | कवि ने देश की तुलना किससे की है? |
| उत्तर: | (i) सैनिक से (ii) तिरंगे से (iii) पिता से√ |
| (घ) | 'देश हमारा' कविता के कवि कौन हैं? |
| उत्तर: | कुमार कौशिक |
| | **पाठ्यपुस्तक में किया जाने वाला कार्य** |
| 1. | सही विकल्प पर सही का निशान लगाइए- |
| (ख) | देश क्या हर लेता है? |
| उत्तर: | 1) सुख 2) दुःख √ 3) चाल |
| 3 | सही अर्थों से मिलाइए- गृह कार्य |
| | स्वर्ग बनाने का- सुंदर रूप देने का |
| | पालनहार - पालन-पोषण करने वाला |
| 2 . | पंक्तियाँ पूरी कीजिए- |
| (ख) | नन्हे पग चढ़ जाएँ पर्वत, |
| | निशिदिन देता है आशीष। |
| | आओ हम भी मान बढ़ाकर, |
| | ऊँचा कर दें उसका शीष। |
| | **अर्थग्रहण संबंधी प्रश्न (MCQs/ Descriptive)** |
| 3. | पाठांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए- |
| | पिता तुल्य है देश हमारा, |
| | हम सबका यह पालनहारा। |
| (ग) | पिता के समान किसे कहा गया है? |
| उत्तर | पिता के समान देश को कहा गया है। |
| (घ) | 'पालनहार' शब्द के लिए वाक्यांश लिखिए। |
| उत्तर | हमारे माता-पिता हमारे पालनहार हैं। |
| | **REFLECTION LEARNING** |
| | 1. सहभागिता, सहयोग और श्रम का भाव जाना।<br>2. देश प्रेम का भाव जगा। |
| | **ACTIVITY-** तिरंगे का चित्र बनाकर उसमें रंग भरिए।pg 21 (मधुश्री पाठमाला) |

| | |
|---|---|
| | 'हमको मन की शक्ति देना' प्रार्थना गीत याद करके सुनाइए। (AIL) |
| | **व्याकरण** |
| | **भाषा** |
| | **सोचकर लिखिए-** |
| 1 | चित्र देखकर लिखें- मौखिक, लिखित, संकेत। |
| |  **लिखित**  **मौखिक**   **मौखिक** **संकेत** |
| 2 | जिन कामों के लिए भाषा का प्रयोग जरूरी है, उनपर ☑ लगाएँ- |
| |  ×  ☑   × |
| 3 | **समझकर लिखें-** |
| | भाषा का बोला गया रूप- <u>मौखिक</u> है। |

| | |
|---|---|
| (क) | |
| (ख) | भाषा का लिखा गया रूप- लिखित है। |
| (ग) | देश की सबसे अधिक बोले जाने वाली भाषा- हिंदी है। |
| (घ) | केरल की भाषा - मलयालम है। |
| 4 | **दिए गए राज्यों की भाषा लिखें-** |
| | उत्तर प्रदेश -हिंदी बंगाल- बांग्ला |
| | पंजाब- पंजाबी तमिलनाडु- तमिल |
| 5 | **सही शब्द चुनकर खाली जगह भरिए-** |
| (क) | अपने विचार एक-दूसरे तक पहुँचाने का माध्यम **भाषा** है। (भाषा/ध्वनि) |
| (ख) | बोलकर अपने विचार प्रकट करना **मौखिक** भाषा है। (मौखिक/लिखित) |
| (ग) | अखबार पढ़ना भाषा का **मौखिक** रूप है। (मौखिक/लिखित) |
| (घ) | भाषा को लिखने के लिए प्रयोग किए जाने वाले चिह्नों को **लिपि** कहते हैं। (वर्ण/लिपि) |
| (ड.) | भारत में **अनेक** भाषाएँ बोली जाती हैं। (एक/अनेक) |
| | **नाम शब्द--संज्ञा**  |
| | **सोचकर लिखिए-** |
| 1 | **नीचे लिखे वाक्यों में संज्ञा शब्द रेखांकित करें-** |
| (क) | नीता कंप्यूटर चला रही है। |
| (ख) | बगीचे में सुंदर फूल हैं। |
| (ग) | पेड़ पर चिड़िया बैठी है। |
| (घ) | तालाब में मछली तैर रही है। |
| 2 | **शब्द के अंतिम अक्षर से संज्ञा शब्द लिखें-** |
| | पपीता- तालाब - बकरा- राजा- जापान- नमक- कमल- लालटेन- नहर। |
| 3 | **कंप्यूटर में से शब्द चुनकर, सही शीर्षक के सामने लिखें-** |
| | विशेष नाम- कानपुर, मीता |

| | |
|---|---|
| (क) | |
| (ख) | समूह या जाति के नाम- साइकिल, पशु |
| (ग) | मन के भावों के नाम- मिठास, खुशी |
| 4. | **उचित संज्ञा शब्द लिखकर वाक्य पूरे कीजिए-** |
| (क) | दिल्ली भारत की राजधानी है। |
| (ख) | गांधी जी को हम बापू भी कहते हैं। |
| (ग) | आम फलों का राजा है। |
| (घ) | बीमारी होने पर डॉक्टर हमारा इलाज करते हैं। |
| (ङ.) | दयालु सब पर दया करते हैं। |
| 5. | **दिए गए संज्ञा शब्दों का वाक्य में प्रयोग करें-** |
| (क) | आनंद- मुझे मेरे माता-पिता के साथ आनंद मिलता है। |
| (ख) | चिड़ियाघर- मैंने चिड़ियाघर में सुंदर पक्षी देखे। |
| (ग) | कानपुर- कानपुर शहर में बहुत अच्छी चीज़ें मिलती हैं। |
| (घ) | तालाब- तालाब में गुलाबी कमल खिले हैं। |
| (ङ.) | मित्र- एक अच्छा मित्र हमें खुशियाँ देता है। |
| | **क्रियात्मक कार्य** |
| | **अपठित गद्यांश** |
| 1. | **निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (pg91 व्या वाटिका)** |
| | जल और थल ------------------------------ आसानी से पकड़ में नहीं आता। (pg91 व्या वाटिका) |
| (क) | ऊदबिलाव का यह नाम क्यों पड़ा? |
| उत्तर: | ऊदबिलाव का यह नाम उसकी बिल्ली जैसी शक्ल के कारण पड़ा। |
| (ख) | ऊदबिलाव अपना बिल कहाँ बनाता है? |
| उत्तर: | ऊदबिलाव अपना बिल पानी के पास सूखे स्थान में बनाता है।। |
| (ग) | मछली के अलावा उदबिलाव को क्या पसंद है? |
| उत्तर: | (i) चावल और चीनी (ii) ककड़ी और खीर (iii) मेढक और केकड़े√ |
| (घ) | उदबिलाव को और किस अन्य नाम से जाना जाता है? |
| उत्तर: | (i) बिलाव (ii) जलमानुष (iii) सर्प |

| | |
|---|---|
| (ङ) | गद्यांश में से घूमना शब्द का समानार्थी चुनकर लिखिए? |
| उत्तर: | विचरण। |
| | **चित्र-वर्णन** |
| 2. | **चित्र देखकर 40 से 45 शब्दों में वर्णन कीजिए-** |
| |  |
| | यह सुंदर बगीचे का चित्र है। नीला आसमान है। सफ़ेद बादल छाए हुए हैं। बगीचा हरा-भरा है। सब बच्चे मिलकर खेल रहे हैं। दो घने पेड़ लगे हुए हैं। उनके पास कुछ छोटे पेड़ भी दिख रहे हैं। सोहम और कमल फुटबाल से खेल रहे हैं। उनके साथ मदन भी खेल रहा है। रीमा और सीमा झूला झूल रही हैं। उसी बगीचे में आनंद और सुप्रिया बैडमिंटन खेल रहे हैं। पास ही में बेंच पर बैठे दो अंकल आपस में कुछ बात कर रहे हैं। बेंच के पास एक गिलहरी कुछ खा रही है। हरे-भरे सुंदर बगीचे में बैठकर निशा चित्र बनाकर उसमें रंग भर रही है। |
| | **CBE LINK-** |
| | **https://forms.gle/BUfbym57cBMEJyKz5** |
| | |